तापमान
अधिकतम 31.7 डिग्री
न्यूनतम 16.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 नवंबर, 2025



12 राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मिले छह छात्र




12 युवाओं की ओर से चलाया गया जनसंपर्क अभियान






# सरदार पटेल के सपनों का देश बनाने के लिए युवा पीढ़ी को लेना होगा संकल्प : राणा

■ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने युवा पीढ़ी को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




यमुनानगर। दशहरा ग्राउंड में रन फॉर यूनिटी के शुभारंभ पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व शपथ लेते हुए युवा व खिलाड़ी।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों का भारत बनाने के लिए युवा पीढ़ी को निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने का संकल्प लेना होगा।उन्होंने उक्त शब्द शुक्रवार को शहर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रन फार यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहे। मौके पर उन्होंने युवाओं व अन्य को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल मौजूद रहे। रन फार यूनिटी शहर के दशहरा ग्राउंड से शुरु होकर नेहरू पार्क, मेला सिंह चौक से प्यारा चौक होते हुए, मधु चौक, एसपी निवासस्थान के सामने से होते हुए वापस शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। उनकी जयंती को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। लौह पुरुष पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के खेड़ा जिले के नडियाद गांव में एक जमींदार परिवार में हुआ था। पटेल गांधी जी के शुरुआती राजनीतिक लेफ्टिनेंटों में से एक थे। जिन्होंने ब्रिटिश राज के खिलाफ खेड़ाए बोरदा और बारडोली के बीच अहिंसक सविनय अवज्ञा के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यह रहे मौजूद

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि इस दौड़ में शामिल होकर सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, नगर निगम के पूर्व मेयर मदन चौहान, नगराधीश पीयूष गुप्ता व पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका आदि मौजूद रहे।

## मेले की आज अंबाला के मंडलायुक्त संजीव वर्मा करेंगे शुरुआत

# कपालमोचन मेले का आज होगा शुभारंभ पंचभिखी स्नान करने वाले श्रद्धालु पहुंचे

मेला क्षेत्र में टेंट व दुकानें सजकर तैयार, साधु-संतों का भी हो रहा आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। कपालमोचन मेले में पहुंचे साधु संत। फोटो : हरिभूमि

उत्तर भारत के सिंधुवन में स्थित ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल श्री कपालमोचन में शनिवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया है। मेले में शुक्रवार को सबसे पहले पंचभिखी स्नान करने वाले पंजाब के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर अपने टेंट गाड़ दिए हैं। वहीं, मेला क्षेत्र में टेंट एवं दुकानें सजकर तैयार हो चुकी हैं। शनिवार को अंबाला के मंडलायुक्त संजीव वर्मा दोपहर 12 बजे मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे। शुक्रवार को सबसे पहले पजाब और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने मेले में दस्तक दी है। यह श्रद्धालु वह हैं, जो पांच दिन तक मेले में रहकर नियमित रूप से तीन पवित्र सरोवरों में स्नान करते हैं। शुक्रवार को भी मेले में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवरों में स्नान किया। हालांकि मेले में स्नान करने का विधिवत क्रम शनिवार से शुरू होगा। मगर अन्य प्रदेशों से कोसों मील का सफर तय करके पहुंच रहे श्रद्धालु पवित्र सरोवरों में स्नान करके अपने आप को धन्य मान रहे हैं।

### साधु संतों ने लगाए डेरे

श्रीकपाल मोचन तीर्थ स्थल पर विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में साधु-संतों ने पहुंचकर अपने डेरे जमा लिए हैं। साधु-संतों ने शुक्रवार को पहुंचकर दिन भर अपने धूणे चेतन कर किए। इस दौरान उन्होंने एक दूसरे संत के साथ बैठककर सत्संग भी किया।

### मनोरंजन के लिए लगाया मंच

मेले के मुख्य प्रशासक एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां लगाई जा रही हैं। लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के भरपूर मनोरंजन के प्रबंध किए जा रहे हैं तथा मेला शुभारंभ से लेकर 5 नवंबर तक लगातार दिन व रात के समय बेहतरीन कलाकारों द्वारा श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के भव्य सफल आयोजन के लिए मेला अधिकारी पिछले कई दिनों से मेले में ही डेरे लगाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गई है। उधर, पुलिस ने भी मेला क्षेत्र में अपनी सुरक्षा चौकिंया स्थापित कर दी हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी मेला क्षेत्र में अपनी स्वास्थ्य पोस्टें बनानी शुरू कर दी हैं।

### सरोवरों पर लगाए गोताखोर

उपायुक्त एवं कपालमोचन श्राइन बोर्ड के मुख्य प्रशासक पार्थ गुप्ता ने बताया कि कपाल मोचन तीर्थ स्थित तीनों सरोवरों में गोताखोरों एवं तैराकों की डयूटी लगाई गई हैं। जो 24 घंटे बारी-बारी से अपनी डयूटी देंगे। उन्होंने बताया कि कपाल मोचन सरोवरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बोट भी लगाई गई हैं। मेला परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सभी इंतजाम पूरे किए जा रहे हैं।

### थकान की दूर



शुक्रवार को पंजाब से अपने वाहनों में व बस और ट्रेन द्वारा पहुंचे कुछ श्रद्धालुओं ने तीर्थ स्थल पर स्थित कपालमोचन सरोवर में स्नान कर जहां अपनी सफर की थकान को दूर किया। वहीं, पूजा अर्चना कर अपने परिवार के लिए सुख शांति की कामना की।

## तलाशी के दौरान कार से बरामद हुई 3.750 किलो अफीम

पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

यमुनानगर। एचएसएनसीबी यूनिट अंबाला की टीम ने गांव औरंगाबाद के पास हाइवे रेस्ट एरिया से एक कार की तलाशी के दौरान 3.750 किलो अफीम बरादम हुई है। पुलिस ने नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर मौके से आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पड़ोसी राज्यों से अफीम लेकर आता था और यमुनानगर तथा आसपास के एरिया में सप्लाई करता था। जानकारी के अनुसार एचएसएनसीबी यूनिट अंबाला की टीम में तैनात एएसआई विजय कुमार ने बताया कि वह टीम के साथ हाइवे पर गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि थाना छप्पर क्षेत्र के गांव भंभोली निवासी प्रदीप कुमार नशीला पदार्थ सप्लाई करने का काम करता है। वह इस समय अपनी गाड़ी में नशीला पदार्थ लेकर आ रहा है। यह गाड़ी फिलहाल गांव औरंगाबाद के पास हाइवे स्थित रेस्ट एरिया में खड़ी है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां खड़ी गाड़ी की तलाशी ली तो उसमे से 3.750 किलो अफीम बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान भंभोल निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से नशीला पदार्थ बरामद कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### लाइक पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया हरियाणा दिवस




रादौर। लाइक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में शुक्रवार को हरियाणा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रांगण में मोमबत्ती एवं दीप प्रज्वलन करके की गई।

प्रधानाचार्या मंजू रानी ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ पर सर्वधर्म प्रार्थना एवं हरियाणा राज्य गीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरियाणा की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, लोकगीतों व लोक नृत्यों पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कई विद्यार्थियों ने वीर सैनिकों और किसानों पर भाषण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य मंजू रानी ने कहा कि हमें अपने राज्य के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। मेहनती लोगों के चलते हरियाणा के विकास में लगातार प्रगति हो रही है। प्राधानाचार्या ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राज्य के प्रति गर्व, एकता और सांस्कृतिक जागरूकता की भावना जगाना रहा।

### छात्र नंदीश तंवर ने चित्रकला प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान



रादौर। स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर के विद्यार्थियों ने शहर में आयोजित जिलास्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल में पहुंचने पर विजेता विद्यार्थियों का प्रिंसीपल रेनू शांडिल्य ने स्वागत किया है। स्कूल की प्रिंसीपल रेनू शांडिल्य ने बताया कि जिलास्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में उनके स्कूल के नंदीश तंवर ने प्रथम व माही ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान में गुंजन, तेजिंदर, प्रीत कौर, लवनीत, माही, तनिषा, हर्षिका, परी रानी, नक्ष व तेजस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में दीपांशी व संगीतकार टीम गुंजन, माही, तेजस, नमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रिले दौड़ में यज्ञ व दर्पण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में केशव शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### टीबी के मरीजों को हाई प्रोटिन सूखा राशन किया वितरित



रादौर। मुकंदलाल संस्था व रोटरी क्लब द्वारा शुक्रवार को रादौर के सिविल अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 60 टीबी के मरीजों को हाई प्रोटिन सूखा राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर मुकंदलाल संस्था की ओर से पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा व अजय शर्मा ने कहा कि मुकंदलाल संस्थाओं के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार के दिशानिर्देशों अनुसार हर महीने मरीजों को सुखा राशन दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। संस्था समाजसेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए हमेशा तैयार है। एसएमओ डॉ. विजय परमार ने कहा कि टीबी के मरीजों को सरकार हर महीने एक हजार रूपये की राशि उनके खाते में डाल रही है। उन्हें हर महीने हाई प्रोटीन सुखे राशन की आवश्यकता पड़ती है। संस्थाएं उन्हें हाई प्रोटीन सुखा राशन उपलब्ध करवाकर उनकी भरपूर मदद कर सकती है। इस अवसर पर डॉ. पल्लवी मार्या, पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, अजय शर्मा, अंकुश सिंगला, रोटरी क्लब से देवीदयाल अरोड़ा, मोहनलाल अरोड़ा व भारत माटिया आदि मौजूद रहे।

### बैंक के विकास के लिए कर्मचारी मेहनत और लग्न से करें कार्य



रादौर। दी यमुनानगर सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा नागल द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने भाग लिया। मौके पर बैंक के मैनेजर पूर्ण सिंह राणा व मनदीप सिंह राणा ने चेयरमैन धर्म सिंह बंचल को स्मृतिचिन्ह भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि धर्म सिंह बंचल ने बैंक कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बैंक के विकास के लिए कर्मचारी अपनी मेहनत और लग्न से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक कर्मचारी ग्राहकों के साथ आत्मीयता का भाव रखें। ताकि बैंक में आने वाले ग्राहकों को अपनेपन का भाव लग सके। उन्होंने कहा कि बैंक को कर्मचारियों पर गर्व है। चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने बैंक कर्मचारियों को बैंक के विकास के लिए इसी तरह अपनी मेहनत और लग्न से कार्य करते रहें। इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रबंधक पूर्ण सिंह ने कहा कि चेयरमैन धर्म सिंह बंचल की बदौलत आज बैंक के प्रत्येक कर्मचारी को 31-31 हजार रुपये का त्योहारों पर बोनस मिला है। जिससे कर्मचारी खुश हैं। उन्होंने चेयरमैन को आश्वासन दिया कि कर्मचारी अपनी पूरी मेहनत और लग्न से बैंक के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे।

## पुलिस ने दो मामलों में 10 पर किया धोखाधड़ी का केस

# विदेश भेजने के नाम पर दो से हड़पे 12 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से 12 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद 10 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव अलीशेरपुर माजरा के राजेंद्र कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 24 जुलाई 2024 में विदेश जाने के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर आठ सी में एससीओ 126-127 में बने दफ्तर में गया। यहां उसे रोहित, गुनगुन, सुरेंद्र, स्नेहा और इशप्रीत मिले। आरोपियों ने उसे बताया कि वह काफी युवाओं को विदेश भेज चुके हैं। उसने आरोपियों पर विश्वास कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे विदेश भेजने का आश्वासन दिया। आरोपियों ने उससे विदेश भेजने के नाम पर आठ लाख 80 हजार रुपये व दस्तावेज ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और दोबारा पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### यमुना गली निवासी हेमलता से हड़पे सवा तीन लाख रुपये

शहर की यमुना गली निवासी हेमलता ने बताया कि उसका बेटा रुशल 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि हेमराज, रिया शर्मा, जसप्रीत सिंह, अंकिता व सौरभ युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह आरोपियों से उनके कार्यालय में मिली। आरोपियों ने उसके लड़के रूशल को विदेश भेजने के नाम पर सवा तीन लाख रुपये व दस्तावेज ले लिए। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने जवाब दे दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## तकनीकी प्रश्नोतरी में मनीषा की टीम को मिला प्रथम स्थान



यमुनानगर। हरियाणा इंजीनियरिंग कॉलेज जगाधरी में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

यमुनानगर। हरियाणा इंजीनियरिंग कॉलेज जगाधरी में शुक्रवार को तकनीकी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तकनीकी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में पूरी हुई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रोल ऑफ एआईइन मोर्डन ऐरा, विमेन एम्पावरमेंट, डिजिटल इंडिया, 5 जी टेक्नॉलोजी एंड इटस इम्पैक्ट तथा वेस्ट मैनेजमेंट यूजिंग टेक्नॉलोजी आदि विषयों पर पोस्टर बनाए। कॉलेज की रजिस्ट्रार फाइनेंस मैडम प्रतिभा ने कहा कि कॉलेज स्तर पर तकनीकी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता केवल ज्ञान की परीक्षा ही नहीं है यह एक गतिशील मंच है जो बौद्धिक जिज्ञासा का बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम चरण में मनीषा की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता छात्रों को एक मनोरंजक और प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी कलात्मक प्रतिभा का उपयोग करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से छात्रों को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने और दृश्य कला के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों के कलात्मक कौशलताओं का आंकलन करने, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने और सामाजिक मुद्दों से लेकर शैक्षणिक विषयों पर छात्रों की सहभागिता को बढ़ावा देने में लाभदायक होती है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ज्योति को प्रथम स्थान, सुगंधा को द्वितीय तथा भूमिका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को रजिस्ट्रार फाइनेंस मैडम प्रतिभा व डीन अकादमिक इंजीनियर मनप्रीत सिंह ने नकद व अन्य पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

## विद्यार्थी तनाव लिए बिना पूरे मन से करें पढ़ाई : डॉ. प्रमोद



यमुनानगर। स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) में नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में जिंदल मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई और उन्हें बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। शिविर में एमबीबीएस डॉक्टर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने करीब 150 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट के लैब टेक्नीशियन चेतन, फार्मासिस्ट सतवंत और क्लर्क रानेश पुनिया ने शिविर में सहयोग किया। मौके पर कुछ विद्यार्थियों के रक्त के सैंपल लेकर जांच की गई। इसके बाद रक्त की जांच रिपोर्ट के आधार पर विद्यार्थियों को दवाइयां दी गई। डॉ. प्रमोद कुमार ने बच्चों को शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित दालें और फल शामिल करने और खूब पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी तनाव लिए बिना पूरे मन से पढ़ाई करें। क्योंकि तनाव कई स्वास्थ्य समस्याओं का मूल कारण है। स्कूल की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने डॉ. प्रमोद कुमार को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर नगर में कम्युनिटी हॉल के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। रादौर में नारियल फोड़कर कम्युनिटी हॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए नेपाल राणा व अन्य।

रादौर के डॉ. भीमराव अंबेडकर नगर में शुक्रवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने कम्युनिटी हॉल के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने रादौरवासियों को आश्वासन दिया कि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा कस्बा और रादौर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने देंगे। मुख्यातिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने कहा कि रादौर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की मांगों को पूरा करवाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। रादौर क्षेत्र के विकास कार्य करवाना कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा की प्राथमिकता है। वह रादौर क्षेत्र की सड़कों से लेकर चौपालों तक के विकास कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर करवाया जा रहा है। उनका उद्देश्य जनता के कार्यों को जल्द से जल्द करवाना है। इस अवसर पर नपा के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, पार्षद ऋषिपाल नंबरदार, पार्षद श्रीकांत मोंटी, अमनदीप छोटाबांस, रणजीत सिंह, मोनू सिंह व विपिन वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## रेणुका और कपालमोचन तीर्थ स्थल का आपस में है गहरा संबंध : शास्त्री

यमुनानगर । श्रीबांके बिहारी सेवा मंडल के सदस्यों की शुक्रवार को शहर के मॉडल टाउन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के संस्थापक पंडित विजय शास्त्री ने की। उन्होंने रेणुका व कपालमोचन मेले के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उन्होंने सदस्यों को संगठन को मजबूत करने के लिए आहवान किया। मंडल के संस्थापक पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि ददाहू में आयोजित रेणुका मेला कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इस मेले की मान्यता है कि भगवान परशुराम अपनी माता रेणुका से मिलने के लिए आते हैं और तीन दिन रेणुका धाम ही रहते हैं। मान्यता है कि इस मेले में पहुंचकर पूजा अर्चना करने से लोगों का कल्याण होता है। रेणुका मेले की समाप्ति पर यमुनानगर जिले के कपालमोचन में मेला लगता है। यह सरस्वती नदी के उद्गम स्थल आदिबद्री के पास है। इस प्रकार ददाहू स्थित रेणुका झील, कपालमोचन तथा आदिबद्री का आपस में घनिष्ठ संबंध है। महाभारत पुराण के अनुसार परशुराम ने विश्व विजय के बाद सरस्वती नदी के तट पर समान्तक यज्ञ किया था। यज्ञ की समाप्ति के पश्चात उन्होंने सारी पृथ्वी कश्यप मुनि को दान कर दी थी। तत्पश्चात वे स्वेच्छा से महेंद्र पर्वत पर तपस्या के लिए प्रस्थान कर गए थे। तब से लेकर आज तक लोगों के मन में इन दोनों मेलों के प्रति पूर्ण आस्था है। बैठक में प्रवचन, शब्द-कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कुलबीर सिंह, सत्येंद्र राणा, रोहित कुमार,शोभित, विजय पाल और महेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

समारोह

## वार्षिक समारोह का स्कूल प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने किया शुभारंभ

# मुकंदलाल नेशनल स्कूल के मंच पर हुए भारत दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। मुकंदलाल स्कूल रादौर में आयोजित वार्षिक समारोह में प्रस्तुति देते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि वार्षिक समारोह में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों ने द्रोणाचार्य एक्ट, योगा, डांस, पेरेंट्स एक्ट, सोशल मीडिया एक्ट, गणेश वंदना, हरियाणवी डांस, भांगड़ा, विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित नृत्य व वूमन एम्पावरमेंट पर माइम एक्ट जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को घंटो तक बैठने पर मजबूर किए रखा। इस दौरान बच्चों की प्रस्तुतियों पर अपनी तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दर्शकों ने उनका खूब हौंसला बढ़ाया। मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व सह पाठ्यक्रम उपलब्धियों की जानकारी दी।

### सर्वांगिण विकास जरूरी

विद्यालय के प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने चाहिए। ताकि उनकी प्रतिभा का निखार हो सके। पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का सर्वांगिण विकास होता है। मौके पर निदेशक एसके गर्ग, डॉ. विवेक शर्मा,डॉ. अजय शर्मा, डॉ. रमेश शर्मा, ज्योति नागपाल, प्रमोद बंसल, माला शर्मा, पूजा कालड़ा, रेनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने घर में घुसकर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवर चुराए

यमुनानगर। कस्बा प्रतापनगर में चोरों ने सूने घर में घुसकर करीब डेढ़ लाख रुपये की कीमत के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रतापनगर निवासी पूर्णचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 अक्तूबर को वह दोपहर तीन बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। रात को करीब आठ बजे जब वह घर वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

## चाइल्ड फ्रेंडली होने चाहिएं रेलवे स्टेशन : कुमार



यमुनानगर। जिला बाल कल्याण समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को रेलवे स्टेशन यमुनानगर के कार्यालय में रेलवे कर्मचारियों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। बैठक में रेलवे स्टेशनों पर बेसहारा बच्चों की पहचान, सहायता और उचित दस्जावेजीकरण के लिए एक तंत्र स्थापित किए जाने पर विचार किया गया। समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों के साथ समन्वय बैठक करने का मुख्य उद्देश्य किशोर न्याय अधिनियम के तहत बच्चों के संरक्षण के लिए रेलवे के साथ मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार होना बेहद जरूरी है। इसके लिए जीआरपी एवं आरपीएफ स्टाफ को किशोर न्याय अधिनियम के तहत प्रशिक्षण दिलाया जाएगा तथा स्टेशन परिसर में बाल कानूनों के बोर्ड भी प्रदर्शित किए जाएंगे। बैठक में स्टेशन मास्टर उमेश कुमार ,आरपीएफ थाना से राम कुमार व बाल कल्याण समिति के सहायक गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।





कुरुक्षेत्र। पर्यटकों का मनोरंजन करते सपेरा बीन पार्टी के कलाकार। 31केयूके20





कुरुक्षेत्र। पर्यटकों का मनोरंजन करते सारंगी-बीन पार्टी के कलाकार।

## हरियाणवी समूह नृत्य ने बांधा समां, खबू झूमे दर्शक

कुरुक्षेत्र। हरि का प्यारा हरियाणा जित दूध दही का खाणा.....जय-जय मेरा हरियाणा, मेरी हिचकी ने सही करदी बात, सजन तने याद करूं आदि हरियाणवी लोक गीतों पर खूब हरियाणवी घाघरा घूमां जिसको देखकर दर्शक भी झूमने को मजबूर हो गए। रत्नावली महोत्सव के अंतिम दिन ग्रुप डांस हरियाणवी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 11 के करीब टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में 10 कलाकार व दो गायक थे। सबसे पहली प्रस्तुति गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी ने हरि का प्यारा हरियाणा, यहां दूध दही का खाना, जय-जय मेरा हरियाणा पर आधारित था। केयू कैम्पस ने मेरी हिचकी ने साही कह दी बात, सजन तन्नै याद करूं, एसआइएएसटीई की छात्राओं ने भावपूर्ण नृत्य बरसन लागी रे चुनर में, काली घटा सावन की पर प्रस्तुति दी। आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने मेरा पिया माथे की बिंदिया, म्हारा पिया है हार मेरा, श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल ने सुपना देख्या वे रात मन्नै, के हुई मेरी सगाई थी पर तथा एनआईएलएम यूनिवर्सिटी कैथल ने विवाह की रस्मों, फेरे, विदाई को अपने गीत में प्रस्तुत किया। इन बेहतरीन हरियाणवी संस्कृति की सतरंगी छटा देखकर दर्शक गदगद हो उठे।

## रत्नावली समारोह धूमधाम व हर्षोउल्लास से संपन्न, फिर दोबारा मिलने के साथ विदा हुए कलाकार

**चार दिनों तक चला हरियाणवी संस्कृति का महाकुंभ**

# हरियाणवी संस्कृति की अमिट छाप छोड़ गया रत्नावली

तरुण वधवा ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणवी संस्कृति का परिचायक रत्नावली समारोह सबके दिलों पर अमिट छाप छोड़ गया है। चार दिनों तक चला हरियाणवी संस्कृति का महाकुंभ शुक्रवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रदेश भर से आए 3500 करीब कलाकार दोबारा मिलने का वादा कर विदा हुए। 6 मंचों पर 34 विधाओं में 3500 कलाकारों ने चार दिनों तक खूब धमाल मचाया। हरियाणा की संस्कृति का हर रंगा रत्नावली के मंच पर दिखाई दिया। जितने अच्छे ढंग से युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी, उतने ही अच्छे ढंग से दर्शकों ने उनकी हौसला अफजाई की। इस बार का उत्सव कई दृष्टि से खास रहा। खासतौर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा हरियाणवी बोली को भाषा के रूप में स्थापित करने का प्रयास तथा लोक सांझी को हरियाणा की लोक कला के रूप में पहचान दिलाने का काम भी काबिले तारीफ रहा। रत्नावली समारोह में हरियाणा की 34 लोक विधाओं की प्रस्तुति ने जहां सबका मनोरंजन किया वहीं समारोह में लगा हस्तशिल्प मेला भी युवाओं को स्वावलंबी बनाने तथा एक कार्यशाला के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ गया। आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी युवा, स्वदेशी का प्रयोग, प्लास्टिक रहित ऐसे कई विषयों को लेकर लगा हस्तशिल्प मेला हर किसी के आकर्षण का केन्द्र रहा। युवाओं को जहां अपने पांव पर खड़े होने का मौका मिला वहीं उनमें आत्मविश्वास की भावना भी पैदा हुई। इस बार के रत्नावली समारोह की सारी व्यवस्था विद्यार्थियों ने संभाली थी। यह कहने में भी कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि रत्नावली समारोह छात्रों के लिए कार्यशाला के रूप में भी अपनी पहचान बना गया है।



कुरुक्षेत्र। स्टॉल का अवलोकन करते सांसद नवीन जिंदल। 31केयूके15

### हरियाणवी बोली बोलन व सुनन में आवै घना मजाः नवीन जिंदल

पूरे देश में हरियाणा नै नम्बर एक बनावैंगे इसके वास्ते दिन रात काम करेंगे। हरियाणवी बोली बोलन व सुनन में आवै घना मजा आवै सै। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हरियाणवी बोली नै भाषा बनान वास्ते जो प्रयास किया सै मैं उसकी घनी तारीफ करूं। मैने भी 2012 में संसद में हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा देने की बात उठाई थी। इसी वास्ते मैं अपना भाषण भी हरियाणवी बोली में दैण लागरया हूं। यह विचार कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस रत्नावली समारोह के अंतिम दिन सुबह के सत्र में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पूर्व रत्नावली समारोह में पहुंचने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, समाजसेवी विजय नरूला, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने उनका स्वागत किया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि जब मैं तीसरी व चौथी कक्षा में था तो स्कूल की अध्यापिका ने मेरे तै एक प्रश्न पूछ्या मैनें जवाब में कहा कि बैरा कोनी। हरियाणवी भाषा को बोलने व सुनने में उसका स्वाद किमैं ओर ही हौवे से। हरियाणा की लोक कला, गीत, नाच देख के मन जमीं राजी हो गया। हम सबनै मिलकर कड़ी मेहनत करनी होगी और अपने हरियाणा नै पूरे देश में नम्बर एक पर लेकर जावैंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा तरक्की की ओर अग्रसर सै और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच के कारण देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। इससे पूर्व मुख्यातिथि सांसद नवीन जिंदल ने रत्नावली समारोह में लगे हस्तशिल्प मेले का अवलोकन किया और छात्रों द्वारा बनाई गए उत्पादों की बड़ी बारीकी से जानकारी ली और खुले कंठ से छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

### रत्नावली महाकुंभ में उभरा विकसित भारत का स्वरूप

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली के माध्यम से संस्कृति के साथ विकसित भारत अभियान को भी मजबूत करने का भी विजन है। उन्होंने कहा कि केयू युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से आयोजित रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय समारोह में इस बार मेक इन इंडिया व विकसित भारत का स्वरूप भी उभरा है। यह विचार कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने रत्नावली के महाकुंभ में प्रदर्शित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित इलेक्ट्रिक व्हीकल के अवलोकन करने के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, शिक्षकों एवं छात्रों की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं को अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि रत्नावली महाकुंभ में इस बार न केवल संस्कृति और परंपरा, बल्कि विकसित भारत अभियान की झलक भी आने वाले पर्यटकों एवं छात्रों को दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत और नवाचार ने यह साबित कर दिया कि भारत के युवा आत्मनिर्भर और तकनीकी दृष्टि से सक्षम हैं। यह इलेक्ट्रिक व्हीकल पूरी तरह से छात्रों की अवधारणा और डिजाइन पर आधारित है। गौरतलब है कि यूआईईटी छात्रों द्वारा निर्मित इलेक्ट्रिक व्हीकल में संस्थान के 106 विद्यार्थियों सहित उनके शिक्षकों ने मिलकर तैयार किया है।

### फर्स्ट एड पोस्ट एवम यूथ रेड क्रॉस स्टाल में जरूरतमंदो को मिला स्वास्थ्य लाभ

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार रत्नावली महोत्सव में आए हुए प्रतिभागियों को जरूरत पड़ने पड़ने पर स्वास्थय संबंधी लाभ देने के लिए रत्नावली पंडाल में प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गयी। यह सुविधा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. दिनेश सिंह राणा के नेतृत्व में लगाई गयी। रत्नावली महोत्सव में हजारों की संख्या में लोगों ने दौरा किया एवम जरूरतमंदो ने प्राथमिक चिकित्सा का लाभ उठाया जिसमें प्राथमिक चिकित्सा के ज्ञान के साथ-साथ प्राथमिक चिकित्सा भी लोगों को दी गई। अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों को दवाई भी दी गई। प्राथमिक चिकित्सा टीम के प्रोग्राम कोर्डिनेटर डॉ. दिनेश राणा के मार्गदर्शन में फर्स्ट ऐड पोस्ट लगाई गई जिसमें वाई.आर. सी. टीम के स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने जरूरतमंद लोगों को सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर आए हुए लोगों ने छात्रों द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के कार्य की सहराना की। इसमे डॉ. संतोष कुमार, स्वयंसेवक पपिन्द्र सिहँ, ज्योति,

### कोयम्बटूर में आफरोड़ ईवी में उत्तर भारत से प्रतिभागिता में केयू यूआईईटी एकमात्र



यूआईईटी संस्थान के मैकेनिकल कोर्स के सहायक प्रोफेसर डॉ. विशाल अहलावत और डॉ. सुनील ढींगरा के सफल निर्देशन में तैयार फॉमुर्ला 5 ईवी, आफरोड़ ईवी तथा गोकार्ट रेसिंग ईवी में लगभग 9 लाख का खर्च आया है। उन्होंने बताया कि हाल ही भोपाल एवं कोयम्बटूर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित ईवी ने उत्कृष्ट पुरस्कार जीतकर ने यूआईईटी संस्थान के साथ-साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि कोयम्बटूर में आफरोड़ ईवी में उत्तर भारत से प्रतिभागिता करने वाला केयू यूआईईटी एकमात्र संस्थान है। वहीं आफरोड ईवी के दूसरे एडिशन में संस्थान के विद्यार्थियों ने स्वनिर्मित ब्रेक बनाए तथा इसका पैटेंट भी ग्रांट हो चुका है। इस इलेक्ट्रिक व्हीकल इंजन प्रदर्शनी में कुलदीप, अमित, रोहित, सुशांत, यशवर्धन, योगेश, दीपांशु, आर्यन, मयंक गौरव और संदीप आदि विद्यार्थी शामिल रहे, जिन्होंने हरियाणा की युवा पीढ़ी को इस अद्भुत नवाचार के प्रति जागरूक किया।



**खबर संक्षेप**

### राजेश पायलट बने जजपा यूथ विंग के जिलाध्यक्ष

कुरुक्षेत्र। जन नायक जनता पार्टी नें राजेश पायलट घराडसी को जेजेपी यूथ विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर राजेश नें अजय सिंह चौटाला, दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय सिंह चौटाला और ब्रिज शर्मा का आभार जताया है। राजेश ने कहा कि वे पार्टी संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे।

### वेस्ट मैटेरियल से सामान बनाना सिखाया

कुरुक्षेत्र। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बाल भवन पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कॉम्पटीशन करवाया गया। सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। और अपनी प्रतिभा को दिखाया। सभी बच्चे वेस्ट मैटेरियल घर से ले कर आए और उनसे अच्छी अच्छी चीजें बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल ने बताया किबेस्ट आउट ऑफ वेस्ट त्याग दी गई वस्तुओं को नई, उपयोगी या सजावटी वस्तुओं में बदलने की रचनात्मक प्रक्रिया से है, जो स्थायित्व को बढ़ावा देती है और वेस्टेज को कम करती है।

### आरकेएसडी कॉलेज के नाम रही ओवरआल ट्रॉफी



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 28 से 31 अक्टूबर तक चले चार दिवसीय हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली उत्सव की ओवरऑल ट्रॉफी आरकेएसडी पीजी कॉलेज, कैथल के नाम रही। उत्सव की उप-विजेता टीम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कैम्पस टीम रही। महोत्सव में महोत्सव में स्ट्रीम-वाइज समग्र ट्रॉफियों में संगीत श्रेणी की ओवरऑल ट्रॉफी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कैंपस टीम, कुरुक्षेत्र ने जीती। वहीं थियेटर और फाइन आर्ट्स श्रेणी की ओवरऑल ट्रॉफी आर.के.एस.डी. (पी.जी.) कॉलेज, कैथल के नाम रहीं। साहित्यिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गवर्नमेंट नेशनल कॉलेज, सिरसा को ओवरऑल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। सांग प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज पानीपत व एसडी पीजी कॉलेज ने पानीपत ने संयुक्त रूप से प्रथम तथा आरकेएसडी पीजी कॉलेज कैथल तथा केयू कैम्पस टीम ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। ओल्ड एंटिक हरियाणवी संग्रह प्रतियोगिता में आरकेएसडी कैथल की सपना प्रथम स्थान पर रही। हरियाणवी लोक गीत में केयू कैंपस टीम में अमर कुमार पहले, गुरुनानक खालसा कॉलेज करनाल के कुणाल ने दूसरा और चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद की अर्चना व श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी दूधौला पलवल की चौधरी सुखनवती ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### रत्नावली समारोह में उद्यमशीलता और नवाचार को मिल रहा है बढ़ावाः डॉ. राज



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

रत्नावली समारोह में उद्यमशीलता और नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है। विद्यार्थियों ने अपने कौशल का जो प्रदर्शन किया है। उसे देखकर लग रहा है कि विद्यार्थियों में हुनर व कौशल की कमी नहीं है। बस उसे सही दिशा देने की जरूरत है। रत्नावली समारोह में विद्यार्थियों को अपना हुनर दिखाने का मौका दिया गया है और विद्यार्थियों ने भी अपने कौशल का प्रदर्शन कर स्वावलंबी, आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने की नीवं रखी है। यह विचार हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी डॉ. राज नेहरू ने शुक्रवार को चार दिवसीय राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस रत्नावली समारोह के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। उन्होंने चार दिनों दिनों तक रत्नावली समारोह में धमाल मचाने वाली विजेता टीमों व कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके साथ स्वदेशी जागरण मंच के सह-संगठक व प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डीवाएसीए के निदेशक प्रो. विवेक चावला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### विश्व भर में स्वदेशी का बज रहा है डंका : सतीश कुमार

स्वदेशी और स्वावलंबी भारत का डंका विश्व भर में बज रहा है। हर व्यक्ति के मन में स्वदेशी का भाव जाग गया है। इससे अच्छा देश व देशवासियों के लिए हो नहीं सकता जब भारतवर्ष स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग कर स्वावलंबी व आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहा है। यह विचार स्वदेशी जागरण मंच के सह-संगठक व प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार ने रत्नावली समारोह में लगी मीडिया चौपाल में मीडिया संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देने से देश आगे बढ़ता है।



### संस्कृति के साथ सृजनशीलता, नवाचार एवं उद्यमिता का अद्भूत संगम

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली महाकुंभ में लोक कला एवं संस्कृति के साथ सृजनशीलता, नवाचार एवं उद्यमिता का अद्भूत संगम दिखाई दे रहा है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने घरेलू सजावटी वस्तुओं के साथ-साथ महिलाओं के लिए उपयोगी सामग्री की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने दर्शकों का ध्यान खींच लिया। वहीं पर्यटकों ने भी बनाए गए सामान की खूब खरीदारी की। ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए उनमें कौशल विकास, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि रत्नावली मेले में स्टाल विद्यार्थियों को दी गई है।

## कांग्रेस नाम की विपक्षी पार्टी, जनता की आवाज बनकर विपक्ष की भूमिका निभा रही जजपा



कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला कुरुक्षेत्र पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष राजेश पायलट, जिला प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह राठौर को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला, प्रदेश महासचिव होशियार सिंह किरमिच, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खैरा, जिला प्रवक्ता शेखर डोगरा, महिला जिला अध्यक्ष रंजिता सिंह, बलराम भारती, ओम प्रकाश संगवान, जसबीर ,हलका अध्यक्ष लाडवा विनोद शर्मा, राजेश कुमार ,चंद्र प्रताप राठौड़, सारथ तिवारी सहित असंख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिग्विजय सिंह चौटाला ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज बेरोजगारी, अपराध, शिक्षा का गिरता स्तर जैसे अनेक मुद्दे हैं जिनको जननायक जनता पार्टी उठाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कहने को कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है, परन्तु सही मायनों में जनता के बीच जाकर जनता की आवाज को बुलंद करने का का काम विपक्ष के रूप में जजपा कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के लिए जननायक जनता पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र ने जजपा के गठन में भी अपनी अहम भूमिका निभाई थी। 2029 के चुनाव में भी जजपा की सरकार बनाने में कुरुक्षेत्र की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा के विकास में जननायक चौधरी देवीलालजी की अहम भूमिका रही है।



### नीलम शर्मा जीपीएस गोविंदगढ़ से हुई सेवानिवृत्त

कुरुक्षेत्र। नीलम शर्मा अपने 30वर्ष लंबे सेवाकाल के बाद सेवानिवृत हुए। जिनकी सेवानिवृत्ति पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की तरफ से जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, थानेसर प्रधान नरेश फूले, कोषाध्यक्ष रामकुमार, सदस्य धर्मचंद ने मैडम को सेवानिवृत्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सर्वप्रथम संघ की तरफ से पुष्प गुच्छ एवं समृद्धि चिन्ह देकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। स्कूल मुखिया शिवकुमार ने आए हुए सभी सदस्यों का स्कूल में अभिनंदन स्वागत किया और कहा कि नीलम 1995 में विभाग में आए और आज 30 साल की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्हें बहुत बहुत शुभकामनाएं। मंच का संचालन कर रहे सुरेश सलारिया ने सुचारू रूप से कार्यक्रम को संपन्न करवाया। थानेसर प्रधान नरेश फूले ने बताया कि नीलम शर्मा बहुत ही सरल स्वभाव और मृदु भाषी होने के कारण सभी स्टाफ सदस्यों में सर्वप्रिय रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौलिक मुख्य अध्यापक जयराम शर्मा, विनोद चौहान, सुबह सिंह, राजेंद्र जांगड़ा,सुरेश मुकीमपुर, अध्यापक कृष्णगुप्ता, मुकेश कुमार, भावना आर्य, वीणा कुमारी, हेमलता, मोनिका अरोड़ा, मोनिका शर्मा , राम मेहर, अमित कालरा, अमरजीत फोगाट, रेखा, संगीता और परिवार के सदस्य एवं रिश्तेदार मौजूद रहे।

**एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने दी श्रद्धांजलि**

## लौह पुरुष व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

लौह पुरुष सरदार बल्लव भाई पटेल की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आजादी के बाद देश को आत्म निर्भर व उन्नत बनाने के साथ ताकतवर बनाया। उन्होंने परमाणु विस्फोट कर भारत को सुरक्षित कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री व लौह पुरुष दोनों नेताओं ने अपने आप को देश के लिए न्योछावर कर दिया। बवेजा ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी दादी, नाना व पिता को खोया लेकिन उन्होंने कभी भी चुनाव में इनके नाम पर वोट नही मांगी। कहा कि राहुल गांधी भ्रष्टाचार को मिटाने व देश की उन्नति के लिए मतदाताओं से वोट की अपील करते है। कहा कि गांधी परिवार ने देश हित में कुर्बानियां दी है। बवेजा ने कहा कि सरदार पटेल आजाद देश के प्रथम गृह मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी, वैचारिक क्रांति के अग्रदूत के रूप में अपनी विलक्षण प्रतिभा का जो ऐतिहासिक परिचय दिया उसका वर्णन नहीं किया जा सकता है। कहा कि इंदिरा गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश की अखंडता व एकता के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिये। वही देश की स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल के प्रयासों से ही अखंड भारत के निर्माण का सपना पूरा हुआ।



### नवयुग स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई



कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा तथा स्टाफ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कक्षा नवम एवं दशम के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय हरियाणा का बदलता स्वरूप एवं अनेकता में एकता रहे। प्रतियोगिता के अंतर्गत मंच संचालन कक्षा नवम की छात्रा ऋचा ने किया। प्रतियोगिता में महक कक्षा नवम प्रथम, अक्षरा (कक्षा दशम) द्वितीय एवं तानिया (कक्षा दशम) तृतीय स्थान पर रहीं। आस्था कक्षा दशम तथा हीना कक्षा नवम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म नडियाद, गुजरात में एक लेवा पटेल पाटीदार जाति में हुआ था। वे झवेरभाई पटेल एवं लाडबा देवी की चौथी संतान थे। सोमाभाई, नरसीभाई और विट्ठलभाई उनके अग्रज थे। उनकी शिक्षा मुख्यतः स्वाध्याय से ही हुई। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर रितु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, सीमा, नैंसी, सोनिया, परम ज्योति, नीतू, रजनी पायल, हरिंदर रिहाना, पूनम, आशा, अंजलि, कोमल, स्वाति, मधु, गीता, रेनू, रीमा, स्नेह, अध्यापक जसमेर, किरनजीत, शक्ति प्रकाश सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी रिक्की को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अंबाला छावनी के रहने वाले यशवंत ने 20 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17/18 जनवरी 2025 की रात्रि दूरंड रोड पर स्थित उसके सरकारी आवास से आरोपी ने सोना जेवरात व मोबाइल चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पानी के नल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने संलिप्त अन्य आरोपी समीर आनंद को गिरफ्तार किया है। छावनी के रहने वाले सुनील कुमार ने 14 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि राजिंद्र सिंह इन्कलेव में स्थित उसके मकान से आरोपी ने पानी के नल चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हरियाणा दिवस पर होगा कार्यक्रम

**अंबाला।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। हरियाणा दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर सभी तैयारियां भी कर ली गई हैं। जिलावासियों से हरियाणा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में में शामिल होने की अपील की गई है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी आकाश को गिरफ्तार किया गया है। बब्याल के गुरप्रीत सिंह ने 30 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी आकाश ने उसके भाई के घर से टोंटियां, रसोई के बर्तन, सिलेंडर व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ें छात्र

**बराड़ा।** डीएवी स्कूल में एनएसएस इकाई की दूसरी गतिविधि के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसएमएस कॉलेज की डॉ. पूजा बैरागी ने शिरकत की। प्रधानाचार्या सुनीता कपूर ने उन्हें तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया। डॉ. बैरागी ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत का महत्व बताते हुए कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिनाइयों का डटकर सामना करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निस्वार्थ भाव से समाज सेवा और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय को 'तंबाकू मुक्त विद्यालय' बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कक्षा चौथी से सातवीं तक के विद्यार्थियों ने नारा व स्लोगन लेखन के माध्यम से तंबाकू निषेध का संदेश दिया।

### नाबालिगा से दुष्कर्म का मामला दर्ज

**जींद।** सदर थाना सफीदों गांव इलाका में नाबालिग लड़की का अपहरण कर खेत में ले जा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। सदर थाना सफीदों ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी नाबालिग बेटी बीती देर गली में शौच करने निकली थी।

### आधारशिला विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम हुआ

**जींद।** हरियाणा राज्य की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आधारशिला विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से हरियाणवी कला एवं संस्कृति को उजागर किया। इसमें भाषण, कविता, नृत्य, राग रागनी आदि के माध्यम से बच्चों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया।

---

## मंत्री विज बोले-देश को विकसित बनाने को पीएम मोदी कर रहे बेहतर प्रयास, लौहपुरूष एक त्यागपुरूष

# पटेल अगर प्रधानमंत्री बनते तो बुलंदियों को छूता देश

**'रन फॉर यूनिटी' पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। रन फॉर यूनिटी में तिरंगा लेकर चलते मंत्री अनिल विज व एकजुट लोग।



फोटो : हरिभूमि



अंबाला। रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाते जिलाध्यक्ष्झ मनदीप राणा व हिस्सा लेते युवा। फोटो : हरिभूमि

उर्जा एवं परिवहन अनिल विज ने कहा कि लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल एक त्यागपुरूष थे। उनकी सोच में देश सबसे पहले, फिर पार्टी तथा बाद में स्वयं था। इसी विचारधारा के चलते लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पद को हंसते-हंसते त्याग दिया था। उन्होंने बताया कि साल 1946 में कांग्रेस वर्किंग कमेटी के चुनाव हुए। उसमें तय था कि जो प्रधान बनेगा वहीं कल देश का प्रधानमंत्री भी बनेगा। 12 कांग्रेस कमेटियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के पक्ष में वोट डाले गए जबकि जवाहरलाल नेहरू को एक वोट तक नहीं मिली। फिर भी महात्मा गांधी ने सरदार पटेल से कहा कि वह जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। तब सरदार वल्लभ भाई पटेल ने हंसते-हंसते प्रधानमंत्री पद का त्याग कर दिया था।

विज शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय 'रन फॉर यूनिटी' पदयात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लौह पुरूष वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित व सैल्यूट कर उन्हें नमन भी किया। इस मौके पर मंत्री अनिल विज का स्मृति चिह्न कर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि एकता यात्रा हिस्सा लेने के लिए हम सभी एकत्रित हुए हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौहपुरूष भी कहा जाता है। जो हिंदुस्तान हमारे सामने है यह उनकी बदौलत है। हम आजाद हो गए लेकिन देश अलग-अलग रियासतों में बंटा था। उस समय लगभग 562 रियासतें थी। देश की पहली सरकार में सरदार पटेल को उपप्रधानमंत्री व गृह मंत्री बनाया गया। उन्होंने इन रियासतों को भारत में विलय करने का काम किया। जम्मू-कश्मीर का विलय करने में भी दिक्कतें आई उसे जवाहर लाल नेहरू ने संभाला हुआ था। उन्होंने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरू की जगह सरदार पटेल पहले प्रधानमंत्री होते तो आज स्थिति कुछ ओर होती, हम नई उंचाइयों को छू चुके होते। मगर सरदार पटेल तब पार्टी से बंधे थे। पार्टी ने जो दायित्व दिया उन्होंने उसे निभाया। संघीय ढांचें में आईएएस व आईपीएस सेवाओं की सोच भी पटेल की थी। उनकी आर्थिक नीतियां देश को आगे बढ़ाने के लिए थी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया मगर कांग्रेस पार्टी ने उन्हें सम्मान नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के केवडिया में अमेरिका के स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी से भी ऊंचा सरदार पटेल का स्मारक बनाकर दिया क्योंकि हम सम्मान करना जानते हैं। दिल्ली के प्रधानमंत्रियों के लिए बने म्यूजियम में एक ही प्रधानमंत्री की यादगार थी, मगर हमारी सरकार आने के बाद सभी प्रधानमंत्रियों की जानकारी प्रदर्शित की गई। हमारे लिए देश महत्व रखता है। हमने सबको बराबर का सम्मान दिया। सरदार पटेल के दिल्ली के निवास की भी किसी ने सुध नहीं ली, मगर हमारी सरकार ने उसको भी संजोकर रखने के लिए एक यादगार स्थान बनाकर दिया ताकि लोग जाएं। उन्हें नमन कर सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सरदार पटेल के पदचिह्नों पर चलते हुए आज देश को मजबूत करने में लगे हुए हैं। सरदार पटेल का कहना था कि देश में एकता है तो देश में ताकत है और देश ताकतवर है और उसी फॉर्मूले पर चलते हुए नरेंद्र मोदी देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम विनेश कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, कार्यकारी खेल अधिकारी राम स्वरूप, आरटीए सुशील कुमार, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, डीएसपी रमेश कुमार, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, विकास बहगल, बिजेंद्र चौहान, किरण पाल चौहान, विपिन खन्ना, संजीव सोनी, मदन लाल शर्मा, बलविंद्र सिंह शाहपुर, बलित नागपाल, प्रवेश शर्मा, इकबाल ढांडा, श्याम सुंदर अरोड़ा, आरती सहगल, नरेंद्र राणा, प्रेम राणा, डॉ. नवीन गुलाटी, अरूण कांत शर्मा, डॉ. पूजा भी मौजूद रही।

### राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, भाजपा कार्यकर्ता व लोगों ने रन फॉर यूनिटी पद यात्रा में हिस्सा लिया। मंत्री विज ने यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं तिरंगा थामकर वह यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने इससे पहले उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान हेड कांस्टेबल गुरदेव सिंह द्वारा देशभक्ति गीत "मेरे देश प्रेमियों-आपस में प्रेम करो" पर आधारित गीत गाया गया।

### राष्ट्र को मजबूत कर रहे प्रधानमंत्री



शहजादपुर। रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते पूर्व विधायक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**शहजादपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया। सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस प्रकार सैकड़ों रियासतों को जोडक़र भारत की अखंडता सुनिश्चित की, वह हमारी एकता का सबसे बड़ा उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नरेंद्र ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू कर युवाओं को राष्ट्र की एकता से जोडऩे का कार्य किया है।

### 562 रिसायतों को एकजुट किया

**अंबाला।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की लगभग 562 रियासतों को अपनी कुशलता से एक सूत्र में पिरोने का काम किया। पटेल देश के पहले गृहमंत्री थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे देश में रन फॉर यूनिटी को आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। यह अभिव्यक्ति भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने उपमंडल स्तर पर अंबाला शहर के क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक के पास आयोजित रन फॉर यूनिटी में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि के तौर विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने शिरकत की। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, डीएसपी विजय कुमार, मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा भी मौजूद रहे। राणा ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आजादी से पहले उन्होंने किसानों के लिए आंदोलन किया जिसके तहत उन्हें सरदार के नाम से जाना गया। आजादी के बाद उन्होंने देश की लगभग 562 रियासतों को अपनी कार्यकुशलता से एकता के सूत्र में पिराने का काम किया। इसी का प्रमाण है कि आज पूरे देश में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत दिन-रात कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को हमें मिलकर पूरा करना है। रन फॉर यूनिटी का सफलतापूर्वक आयोजन किए जाने के लिए उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना भी की। विधानसभा संयोजक रितेश अग्रवाल ने भी कहा कि देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौह पुरूष के नाम से जाना जाता है।

### पुलिस के जवानों ने रन फॉर यूनिटी में दिखाया दम, कई प्रतियोगिताएं आयोजित की

**अंबाला।** पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा शहीद जवानों के सम्मान व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं हमारे देश के पहले केंद्रीय गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने हर्बल पार्क अंबाला शहर पर पहुंच कर रन फार यूनिटी में भाग लिया। रन फार यूनिटी में एकत्रित पुलिस जवानों को राष्ट्रीय एकता बनाए रखने व सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा राष्ट्र को एकजुट रखने के लिए दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उप पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से भी कहा कि रन फार यूनिटी का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक तक देश की एकजुटता व अखंडता को बनाए रखने का संदेश पहुंचाना है। रन फार यूनिटी के उपरांत पुलिस लाइन में राष्ट्र की एकता को बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।



शहजादपुर। रन फॉर यूनिटी में शपथ लेते पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

---

### रन फॉर यूनिटी में दौड़ी छात्राएं

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह व देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। इस दौरान "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ ली। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में दलजीत कौर ने पहला स्थान, अर्शप्रीत कौर ने दूसरा स्थान, प्रीति देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि सुरभि को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु चांदना ने कहा कि राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। हमें सरदार पटेल जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए ताकि उनके सपनों के भारत को साकार रखा जा सके। यदि हमें जीवन में सफलता प्राप्त करनी है तो हमें एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। भारत की मिट्टी ही हमारी पहचान है।

## खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, डीईओ ने भरा जोश



अंबाला। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के साथ मौजूद जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य।

- विजेता टीमों को मेडल व ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अध्यक्षता एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल के मार्गदर्शन में राजकीय उच्च विद्यालय, डेरी फार्म में अंडर-11 आयु वर्ग के बच्चों की जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभावान बाल खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। । जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल द्वारा विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह राज्य स्तर पर भी पदक लेकर आए । प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा खो-खो लड़कों में अंबाला-2 खंड प्रथम व शहजादपुर खंड द्वितीय खो-खो लड़कियों में साहा प्रथम एवं शहजादपुर द्वितीय कबड्डी लड़कों में बराड़ा प्रथम व नारायणगढ़ द्वितीय स्थान पर कैरम लड़कों में अंबाला-1 प्रथम बराड़ा द्वितीय कैरम लड़कियों में अंबाला-1 प्रथम व शहजादपुर द्वितीय स्थान पर रहा । इस अवसर जिला खेल सचिव राजेंद्र सिंह जिंदू, जिला खेल सचिव राजीव, जिला खेल सहायक साहिल सचदेवा, खंड शिक्षा अधिकारी अंबाला -2 मोनिका नितिन सभरवाल, राजेश शर्मा , अमित छाबड़ा, अनिल अत्री, हमराज मोहम्मद, जय, मोहित, यादविंदर, अनिल दहिया, विकासदीप, संजीव कुमार, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं के खाते में हर माह आएंगे 2100 रुपये

**अंबाला।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में लाडो लक्ष्मी योजना की घोषणा की गई है। प्रशासन की ओर से सभी पात्र लाभार्थियों विशेष रूप से माताओं और बहनों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। जिन महिलाओं के नाम सूची में शामिल हैं, उन्हें फोन कॉल के माध्यम से सूचित भी किया गया है। सभी पात्र महिलाएं अपना पंजीकरण जल्दी से जल्दी पूर्ण करें ताकि उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल सके। इसके साथ साथ विभाग द्वारा लगातार पात्र महिलाओ को स्रूस के माध्यम से संदेश भेजे जा रहे हैं। लाभार्थी अपना पंजीकरण नजदीकी सीएससी केंद्रों पर जाकर या लाडो लक्ष्मी मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं भी कर सकते हैं। 1 नवंबर 2025 को हरियाणा दिवस के अवसर पर योजना की पहली किश्त मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा जारी की जाएगी। इसलिए जल्दी से वे रजिस्ट्रेशन करवाएं। अगर महिला लाभार्थी का रिहाशी प्रमाण पत्र तहसील द्वारा जारी करने में विलंब हो रहा है या अभी रिहायशी प्रमाण पत्र अप्लाई किया जा रहा है तो चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है।

## युवाओं ने जनसंपर्क अभियान चलाकर स्वदेशी उत्पाद अपनाने का किया आग्रह



अंबाला। घर-घर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आग्रह करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

- घर-घर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के स्टीकर भी दुकानों पर चस्पाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भाजपा के दुर्गा नगर मंडल की ओर से शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत अभियान के संयोजक आशीष टक्कर की अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान चलाया गया इसमें मुख्य रूप से दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह उपस्थित रहे। अभियान के तहत मानव चौक, जलबेड़ा चौक, जलबेहड़ा रोड पर हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी स्वदेशी संकल्प पत्र वितरित किए गए। घर-घर स्वदेशी के स्टीकर दुकानों पर लगाए गए। भाजपा कार्यकर्ताओं का का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत मिशनों के माध्यम से विश्व में एक महत्वपूर्ण निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है। टक्कर ने कहा कि हम अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पाद अपना कर और भारतीय उद्यमियों तथा कारीगरों का समर्थन करके हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा गया लिए हम सब इस जन आंदोलन में करोड़ों भारतीयों के साथ मिलकर स्वदेशी अपनाने और हमारे भारत देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के साथ-साथ हमारा प्रदेश भी उन्नति की राह पर है। प्रदेश सरकार की नई योजनाएं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जैसे कौशल विकास, बेरोजगारी निवारण, मातृशक्ति उद्यमिता योजना, ड्रोन दीदी योजना हरियाणा उधम एवं रोजगार नीति,युवाओं के लिए आईटी सक्षम युवा योजना, हस्तशिल्प पुरस्कार योजना भी प्रदेश को उन्नति की राह पर लेकर जा रही है। मुख्य रूप से मंडल महामंत्री संजीव गोयल टोनी, गुरप्रीत सिंह शाना आदि मौजूद रहे।

---

## कपालमोचन मेले के लिए अंबाला से सीधी मिलेगी बस

- श्रद्धालुओं को स्टेशन से डायरेक्ट मेले तक पहुंचाएंगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

यमुनानगर के बिलासपुर में स्थित पवित्र तीर्थस्थल कपाल मोचन पर मेला शनिवार से शुरू होने जा रहा है। ऐसे में हरियाणा रोडवेज द्वारा भी मेले को लेकर कमर कस ली गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए यमुनानगर के साथ-साथ अंबाला, कुरुक्षेत्र व पंचकूला रोडवेज विभाग द्वारा मेले के लिए स्पेशल बसे लगाई गई। अंबाला, कुरुक्षेत्र और पंचकूला से 5-5 बसें अलग-अलग अलग-अलग समय पर मेले में श्रद्धालुओं को लेकर पहुंचेंगी। यमुनानगर में 85 बसें यमुनानगर बस अड्डे के साथ-साथ रेलवे स्टेशन व कपाल मोचन से आदि बद्री में काठगढ़ तक चलेंगी। मेले में पंजाब के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश से ट्रेन के माध्यम से हजारों की संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचते हैं। ऐसे में उन श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए 10 से ज्यादा बसें यमुनानगर रेलवे स्टेशन पर लगाई गई है, जोकि श्रद्धालुओं को स्टेशन से डायरेक्ट मेले तक पहुंचाएंगी। इस बसों के दिन के कई फेरे लगेंगे। मेला के दौरान बसों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभाग द्वारा चार चेकपोस्ट भी बनाई जाएंगी। यमुनानगर से जो बसें मेले में जाएंगी उनके लिए भेरथल में चेकपोस्ट होगी। वहीं मेले से यमुनानगर आने वाली बसों की चेकपोस्ट हरनौली में होगी। इसके साथ ही दो चेकपोस्ट जगाधरी-व्यासपुर स्टेट हाईवे पर हरनौली व भेरथल में और दो कपाल मोचन-रणजीतपुर रूट पर मुगलवाली और रामपुर में होंगी।

### डीईओ ने औचक निरीक्षण कर शिक्षकों को दिए जरूरी निर्देश

# पाठशाला में मिले छह छात्र, शिक्षकों को पड़ी फटकार

**सभी स्टाफ सदस्यों को निबंध लेखन के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कर्मियों को सम्मानित करते डीईओ सुधीर कालड़ा।

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने शुक्रवार को गरनाला गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक पाठशाला का दौरा किया। विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को शहीद गुरु तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस पर कक्षा 9 से 12 के सभी विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने बारे निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के नवाचार 'मेरा कार्य आदर्श कार्य-विकसित भारत 2047 के निर्माण में मेरी भूमिका' कार्यक्रम के बारे में प्रत्येक शिक्षक और गैर शिक्षण सदस्य से उनके निबंध के विषय बारे पूछा और चर्चा की। उन्होंने यह बताते हुए कि अब तक 730 शिक्षक और गैर शिक्षण कर्मी अपना निबंध जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवा चुके हैं। सभी स्टाफ सदस्यों को निबंध लेखन के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बोर्ड कक्षाओं के पिछले वर्षों के विषय वार परीक्षा परिणाम बारे चर्चा की। साथ ही सभी अध्यापकों को वार्षिक परिणाम को ओर अधिक बेहतर बनाने बारे मार्गदर्शन दिया। स्कूल प्रांगण के भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने पाया कि विद्यालय में न केवल साफ सफ़ाई की व्यवस्था ठीक है बल्कि स्कूल न्यूट्रिशन गार्डन और अन्य पौधों का रख-रखाव भी अच्छे से किया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम पघानी ने डीईओ को बताया कि स्कूल प्रांगण और न्यूट्रिशन गार्डन के रख रखाव का कार्य ग्रुप डी कर्मचारी रमेश कुमार द्वारा किया जाता है। स्कूल में आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रिशियन और पलंबर का कार्य भी बिना किसी स्वार्थ के करता है। प्रधानाचार्या ने जिला शिक्षा अधिकारी को बताया कि रमेश कुमार की ही तरह कंप्यूटर लैब अटैंडेंट उमेश भी विभाग द्वारा दिए कामों के साथ साथ बच्चों की कंप्यूटर विज्ञान विषय की कक्षाएं लेने और विद्यालय का सारा लिपिकीय कार्य करता है।

### कड़ी आपत्ति जताई

*उक्त दावों को जांचने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने मौके पर ही दोनों कर्मचारियों रमेश कुमार और उमेश कुमार को विद्यालय के विकास में योगदान करने के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला में कक्षा 1से कक्षा 3 तक सिर्फ 6 विद्यार्थी ही विद्यालय में उपस्थित थे। जब अध्यापकों से इस बारे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कक्षा 4 व 5 के विद्यार्थियों की परीक्षा चल रही है जिस कारण 11 बजे परीक्षा ख़त्म होने पर इन कक्षाओं की छुट्टी हो जाती है। कक्षा 1 से 3 के अधिकतर विद्यार्थी भी 11 बजे उनके साथ ही घर चले जाते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि यह नियमों के विपरीत है। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिया कि कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों की इस प्रकार छुट्टी नहीं करनी है। विद्यार्थियों को निरंतर विद्यालय भेजे ओर इस प्रकार विद्यालय से विद्यार्थियों को न ले जाए।*